उत्तर पश्चिम रेलवे
रेल भर्ती कक्ष,
भवन नं. 04, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,
जयपुर जंक्शन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर
वेबसाइट www.rrcjaipur.in


सं. 740ई / आरआरसी / लेवल–1 / सीईएन 08 / 2024 / पीईटी दिनांक 22.07.2026

सर्व सम्बन्धित,

## आवश्यक सूचना

विषयः– केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 08 / 2024 के तहत लेवल–1 के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा के कम में।

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 08 / 2024 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) का आयोजन दिनांक 29.07.2026 से 31.07.2026 तक ई कॉल लेटर में दर्शाई गई तिथि, स्थान एवं समय पर किया जाएगा। **दिनांक 29.07.2026 से 31.07.2026 तक पर्याप्त वैध कारणों से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यार्थियों को दिनांक 01.08.2026 को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु उपस्थित होने का एक अन्तिम अवसर दिया जाएगा। दिनांक 01.08.2026 को पुरूष अभ्यार्थियों को रिपोर्टिंग समय प्रातः 06.00 बजे एवं महिला / ट्रांसजेन्डर अभ्यार्थियों को रिपोर्टिंग समय प्रातः 09.00 बजे है। इसके बाद उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों के विषय में कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

सभी अभ्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु शारीरिक एवं चिकित्सकीय रूप से पूर्ण स्वस्थ है। किसी भी संशय की स्थिति में अभ्यार्थी द्वारा चिकित्सकीय सलाह लेना अपेक्षित है। रेलवे प्रशासन शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान किसी अभ्यार्थी की प्रत्यक्ष या परिणामी, हानि / चोट / दुर्घटना / नुकसान उठाने / होने के लिए जिम्मेदार / जवाबदेह नहीं होगा।

अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि ई काल लेटर के साथ संलग्न अनुदेशों की पालना अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। इसलिए अभ्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कॉल लेटर में उल्लेखित अनुदेशों को अनिवार्य रूप से ध्यानपूर्वक पढ लें। **अभ्यार्थियों को आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ई कॉल लेटर में दर्शाई गई मूल फोटो आईडी भी प्रस्तुत करनी होगी अन्यथा अभ्यार्थी को शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा।**

PET के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सभी उम्मीदवारों की उम्मीदवारी पूरी तरह से प्रोविजनल (अस्थायी) है। उम्मीदवार को PET के लिए बुलाया जाना किसी भी प्रकार से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उम्मीदवार से सम्बन्धित ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं अन्य दी गई सूचना व दस्तावेजों को सही मानने का द्योतक नहीं है, अगर उनके ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी में कोई गड़बड़ी या कमी पाई जाती है, या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में RRB/RRC के ध्यान में उम्मीदवार की कोई गलती पकड में आती है, तो भर्ती के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

ध्यान दे कि किसी उम्मीदवार को PET के लिए बुलाए जाने से रेलवे में रोजगार के लिए कोई अधिकार या गारंटी नहीं मिलती है। मात्र कॉल लेटर जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि रेलवे में नियुक्ति के लिए आरआरसी द्वारा आपकी उम्मीदवारी को अन्तिम रूप से मंजूरी दे दी गई है।

अन्य नवीनतम सूचनाओं के लिए अभ्यार्थी नियमित रूप से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट www.rrcjaipur.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

**Note: In terms of Rule 5 of the Aadhaar Authentication for Good Governance (Social Welfare, Innovation, Knowledge) Rules, 2020 read with Section 4(4)(b)(ii) of the Aadhaar Act, 2016 (as amended), the Railway Recruitment Boards are allowed to perform Aadhaar Authentication, on voluntary basis, for establishing identity of each candidate to avoid impersonation and other malpractices during the examination and to ensure fair conduct of examination. Accordingly, Aadhaar based Biometric Authentication of candidates will be carried out before/during course of Physical Efficiency Test (PET). Candidates are required to bring their original Aadhar Card at the time of PET.**

**-S/d-**
कृते अध्यक्ष,
रेलवे भर्ती कक्ष,
उपरे, जयपुर